हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026
सीहोर | नसरुल्लागंज | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 बीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए, मानदेय नहीं...



10 दिन में तेज धूप, रात में गर्मी से नहीं राहत नवंबर माह में भी मौसम का मिजाज गर्म



खबर संक्षेप

12 नवंबर को लगेंगे संपर्क अभियान शिविर

सीहोर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और उनकी बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में 'संपर्क अभियान' संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 12 नवंबर को सीहोर संभाग के ग्राम मोयापानी, छापरी ताल्लुक, आमलानवाबाद, नरसिंहखेड़ा एवं इछावर के वार्ड क्रमांक 09 में तथा आष्टा संभाग के आष्टा वार्ड क्रमांक 15 एवं खानदौरापुर में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में बिजली बिल में सुधार, मीटर, सर्विस केबल, नए कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

परम्परागत तरीके से मनेगा छठ महापर्व

सीहोर। नगर में निवासरत भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा छठ पूजा की तैयारी शुरु कर दी गई है। जानकारी देते हुए भोजपुरी समाज के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार झा ने बताया कि त्योहार की शुरुआत शुक्रवार से नहाय-खाय से शुरु होगा। जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा लोकी चावल का भोजन कर पूजन की तैयारी शुरु की जावेगी। शनिवार से छत्तीस घण्टे का निर्जला व्रत प्रारंभ होगा। जो कि सोमवार को सुबह उगते हुए सूर्य को अध्य देने के पश्चात व्रत का समापन होगा। नगर पालिका के सौजन्य से सीवन नदी के महिला घाट की साफ-सफाई कराई जा रही है। इस दौरान सीवन नदी महिला घाट पर भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसमें छठी माई से सम्बंधित भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुती दी जावेगी एवं रात्रि में नौ बजे से घाट पर ही सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन रखा गया है।

जन विश्वास अभियान के तहत लगेगा शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 13 नवम्बर को बुदनी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनें और हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

दीपावली अवकाश के बाद फिर गुलजार हुई कृषि उपज मंडी

शुभ मुहूर्त में सोयाबीन 8100 सौ, गेहूं 3551 और मक्का 5100 सौ रू. प्रति क्विंटल बिका

मण्डी में आए पहले किसान का साफा बांधकर किया स्वागत। पहले दिन 10 हजार क्विंटल से अधिक उपज की हुई आवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली के अवकाश के बाद गुरुवार को प्रदेश की प्रतिष्ठित और ए-ग्रेड सीहोर कृषि उपज मंडी एक बार फिर किसानों और व्यापारियों की चहल-पहल से गुलजार हो उठी। नए व्यापारिक सत्र की शुरुआत शुभ मुहूर्त की पूजा-अर्चना और जोरदार नीलामी के साथ हुई। मुहूर्त के पहले ही सौदों में व्यापारियों ने जमकर उत्साह दिखाया और ऊंची बोलियां लगाईं। नए सत्र के शुभारंभ पर सोयाबीन ने 8100 रुपये प्रति क्विंटल का शानदार भाव हासिल किया, जबकि गेहूं की नीलामी 3551 रुपये और मक्का की 5100 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई। ऊंचे भाव मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे और पूरे मंडी प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। मंडी समिति द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8.30 बजे मंडी प्रांगण स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सुबह 9.15 बजे महाआरती हुई, जिसमें मंडी के अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। आरती के बाद सभी ने साथ मिलकर स्वल्पाहार किया। निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार ठीक सुबह 10.30 बजे नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। परंपरा के अनुसार सबसे पहले बैलगाड़ी और ऑटो में लाई गई कृषि उपज की बोली लगाई गई, जिसके बाद गेहूं, सोयाबीन और मक्का से भरी ट्रॉलियों की नीलामी का सिलसिला शुरू हुआ।

किसान का साफा बांधकर किया सम्मान

मुहूर्त की नीलामी में ग्राम जमोनिया के किसान जितेंद्र यादव अपनी बैलगाड़ी में उपज लेकर सबसे पहले मंडी परिसर पहुंचे थे। परंपरा का निर्वहन करते हुए मंडी प्रशासन और व्यापारियों द्वारा किसान जितेंद्र यादव का साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जितेंद्र द्वारा लाई गई 6 क्विंटल सोयाबीन की उपज पर व्यापारियों ने बढ़-चढक़र बोली लगाई। अंत में हनुमान ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मोहन राठौर ने 8100 रुपये प्रति क्विंटल की सबसे ऊंची बोली लगाकर मुहूर्त का पहला सोयाबीन सौदा अपने नाम किया।

व्यापारियों ने दिखाया उत्साह

सोयाबीन के बाद गेहूं और मक्का के मुहूर्त सौदों में भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ग्राम ऊलझावन के किसान पवन द्वारा लाई गई 30 क्विंटल गेहूं की उपज को खरीदने के लिए व्यापारियों में होड़ मच गई। इसमें ट्रेड किंग इंटरनेशनल के प्रोपराइटर प्रिंस राठौर ने 3551 रुपये प्रति क्विंटल की सबसे ऊंची बोली लगाकर गेहूं खरीदा। इसी तरह मक्का का मुहूर्त सौदा भी 5100 रुपये प्रति क्विंटल के आकर्षक भाव पर तय हुआ।

शरबती गेहूं के लिए प्रसिद्ध है मंडी

गौरतलब है कि सीहोर कृषि उपज मंडी समय पर भुगतान के कारण प्रदेश की चुनिंदा ए-ग्रेड मंडियों में शामिल है। विशेष रूप से अपने विश्वप्रसिद्ध शरबती गेहूं की गुणवत्ता के कारण इस मंडी की पहचान पूरे देश में है। यहां के व्यापारियों द्वारा देश के कई राज्यों में शरबती गेहूं की आपूर्ति की जाती है। यही वजह है कि इस मंडी पर किसानों का गहरा भरोसा है।

छह जिलों के किसानों की पहली पसंद

सीहोर कृषि उपज मंडी में वर्तमान में करीब 250 लाइसेंसी व्यापारी सक्रिय हैं और मंडी से सीधे तौर पर 165 गांव जुड़े हुए हैं। ए-ग्रेड सुविधाएं और उपज का सही दाम मिलने के कारण यहां केवल सीहोर जिले के ही नहीं, बल्कि आसपास



के राजगढ़, शाजापुर, भोपाल, रायसेन और विदिशा जिलों से भी बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने आते हैं। दीपावली अवकाश के बाद पहले ही दिन मंडी में करीब 10 हजार क्विंटल विभिन्न कृषि जिंसों की आवक दर्ज की गई, जिसमें अकेले सोयाबीन की आवक लगभग 2500 से 3000 क्विंटल के बीच रही। मंडी में लौटी इस रौनक से आगामी दिनों में कारोबार और तेज होने की उम्मीद है।

बीमा कंपनी को देना होगा बाइक मरम्मत का खर्च

जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चोरी होने के बाद बरामद हुई बाइक की मरम्मत का खर्च बीमा कंपनी को देना होगा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग सीहोर ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को परिवादी को 7,039 रुपए मरम्मत खर्च, 3 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति और 2 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में अदा करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने यह आदेश पारित किया। प्रकरण के अनुसार स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, इंग्लिशपुरा निवासी अनुज बैरागी ने अपनी यामाहा आर-15 मोटरसाइकिल का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। 10 जून की रात उन्होंने इंदौर के महालक्ष्मी नगर स्थित अपार्टमेंट की पार्किंग में बाइक लॉक करके खड़ी की थी। अगले दिन सुबह बाइक गायब मिली। उन्होंने लसूडिया थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई और बीमा कंपनी को भी सूचना दी। पुलिस ने 15 जुलाई को चोरी गई बाइक बरामद कर ली। न्यायालय के आदेश पर 28 जुलाई को परिवादी को बाइक की सुपुर्दगी मिली। बाइक का लॉक और संबंधित पार्ट्स क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्होंने अधिकृत डीलर रतलाम मोटर्स से 7,039 रुपए खर्च कर मरम्मत कराई। सर्वेक्षण मरम्मत कराने का आधार नहीं बताया न्यायालय से सुपुर्दगी मिलने के बाद अधिकृत डीलर के यहां वाहन रखवाने की जानकारी भी लिखित रूप से दी गई थी। इसके बावजूद बीमा कंपनी यह स्पष्ट नहीं कर सकी कि सर्वेक्षक कब नियुक्त किया गया और समय पर वाहन का निरीक्षण क्यों नहीं किया गया। आयोग ने यह भी माना कि क्लेम निरस्त करने के मूल ईमेल में बिना सर्वेक्षण मरम्मत कराने का आधार नहीं बताया गया था। परिवादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता जीडी बैरागी ने बताया कि आयोग ने माना कि चोरी के दौरान बाइक का लॉक टूटना और लॉक सेट बदलवाना घटना से सीधे जुड़ा नुकसान है। अधिकृत डीलर से कराई गई मरम्मत का खर्च भी उचित है। ऐसे में बीमा कंपनी द्वारा दावा निरस्त करना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है। सर्वे से पहले मरम्मत कराने पर कंपनी ने खारिज किया क्लेम बीमा कंपनी ने 6 अगस्त को यह कहते हुए क्लेम निरस्त कर दिया कि वाहन बरामद हो चुका है और बीमाधारक ने न्यायालय से उसकी सुपुर्दगी प्राप्त कर ली है। इसके बाद परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी ने अपने पक्ष में तर्क दिया कि सर्वेक्षक द्वारा वाहन का निरीक्षण किए जाने से पहले ही मरम्मत करा ली गई, जिससे वास्तविक नुकसान का आकलन नहीं हो सका। आयोग ने सुनवाई के दौरान पाया कि परिवादी ने वाहन बरामद होने की सूचना बीमा कंपनी को पहले ही ईमेल के माध्यम से दे दी थी।

मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

सीहोर। जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 1371 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन संबंधित मतदान केन्द्रों पर किया जा सकता है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी व्रजेश सक्सेना कलेक्टर कार्यालय मे मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलो कि बैठक आयोजित कर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया।

देवीपुरा मंडल में गूंजेगी रामधुन शहर में बहेगी काव्य की रसधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर विधानसभा क्षेत्र में लगातार तीन बार से जीत का परचम लहराते आ रहे विधायक सुदेश राय का जन्मदिन आगामी 17 नवंबर को पूरे विधानसभा क्षेत्र में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जन्मदिन के इस खास अवसर पर विधायक श्री राय शहर में ही मौजूद रहेंगे और दिनभर आम नागरिकों, शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस मौके को यादगार बनाने के लिए समर्थकों द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विशेष रूप से विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल देवीपुरा मंडल में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य रामधुन यात्रा का आयोजन रखा गया है। बता दें विधायक सुदेश राय के जन्मदिन के अवसर पर देवीपुरा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित की जा रही इस रामधुन यात्रा को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इस धार्मिक यात्रा में अंचल के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर भगवान श्रीराम के जयघोष और भजनों की गूंज सुनाई देगी। कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह यात्रा के स्वागत की तैयारियां भी की जा रही हैं। देवीपुरा मंडल में निकलने वाली इस रामधुन यात्रा को खास बनाने के लिए बाहर से प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यात्रा में मथुरा-वृंदावन के सुप्रसिद्ध कलाकार हरिदास जी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे, जो अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों और भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। इसके साथ ही नरसिंहगढ़ का प्रसिद्ध बारेलाल बैंड भी अपनी शानदार धुनों और प्रस्तुति से यात्रा की शोभा बढ़ाएगा। एक तरफ जहां ग्रामीण अंचल में रामधुन यात्रा की धूम रहेगी, वहीं दूसरी तरफ शहर के ऐतिहासिक लौसा टॉकीज मैदान पर 17 नवंबर की शाम एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी समर्थकों द्वारा सेवा कार्यों और स्वागत समारोहों की रूपरेखा तैयार की गई है।

कुबरेश्वर धाम पर 17 को लगेगा औषधीय सामग्री से बना भोग, विशेष पूजा-अर्चना के साथ सजेगी भव्य झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में दीपोत्सव के बाद अब गोपाष्टमी और अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 17 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजन की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी।

भगवान गिरिराज गोवर्धन को 56 व्यंजनों के साथ 108 भोग अर्पित किए जाएंगे। खास बात यह रहेगी कि इस बार भोग में स्वाद के साथ स्वास्थ्य और पोषण का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इम्युनिटी मजबूत करने वाली औषधीय एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री से विभिन्न पकवान तैयार किए जाएंगे। गुरुवार को भी हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

गिरिराज जी को अर्पित किए जाने वाले छप्पन भोग में तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मेथी, ड्राय फ्रूट और कद्दू की सब्जी सहित अनेक पौष्टिक एवं औषधीय गुणों वाली सामग्री शामिल की जाएगी। इनके माध्यम से विभिन्न प्रकार के व्यंजन और पकवान तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक तरह की मिठाइयां भी भोग के लिए बनाई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रकार की शुगर फ्री मिठाइयां भी तैयार की जाएंगी। आयोजन में 108 भोग और विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान गोवर्धन की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन को लेकर कुबेरेश्वरधाम पर तैयारियां की जा रही हैं। हर साल की तरह इस बार भी मंदिर परिसर में बृजधाम की झलक दिखाई देगी। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दीपोत्सव के बाद हर साल कुबेरेश्वरधाम पर समिति की ओर से भव्य अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जाता है।

इस बार भी मंदिर परिसर में 56 प्रकार की सामग्री से गिरिराज गोवर्धन का प्रतिरूप तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही आकर्षक रंगोली और विभिन्न प्रकार के पकवानों की झांकी सजाई जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण को 56 और 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित कर विशेष आरती की जाएगी।

दो दिन की मेहनत ने बदल दी हाथी घाट की तस्वीर, चमक उठा मां सीवन नदी का तट

जलकुंभी, पूजन सामग्री और मलबे से पूरी मुक्त हुआ घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की जीवनदायिनी मां सीवन का हाथी घाट, जो कुछ दिन पहले तक जलकुंभी, पूजन सामग्री और मलबे से पूरी तरह पटा हुआ था, आज अपनी बदली हुई तस्वीर के साथ लोगों को आकर्षित कर रहा है। यह बदलाव किसी एक दिन में नहीं आया, बल्कि सीवन पुत्र एवं सीवन योद्धाओं के दो दिनों के अथक परिश्रम, समर्पण और प्रकृति के प्रति उनके जज्बे का परिणाम है। सीवन पुत्र टीम के सदस्यों ने हाथी घाट पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। लगातार दो दिनों तक कड़ी मेहनत करते हुए जलकुंभी, पूजन सामग्री और घाट पर जमा मलबे को हटाया गया।

जैसे ही घाट के सामने से जलकुंभी और पूजन सामग्री पूरी तरह हटाई गई, मां सीवन के घाट का बदला हुआ स्वरूप देखकर वहां से गुजरने वाला हर व्यक्ति आश्चर्यचकित रह गया। लोगों ने सीवन योद्धाओं की मेहनत और समर्पण की सराहना की। जहां आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास प्रकृति के लिए कुछ पल निकालना भी मुश्किल है, वहीं सीवन पुत्र टीम के सदस्य सुबह से शाम तक बिना थके, बिना रुके नदी संरक्षण के कार्य में जुटे रहे। उनका संकल्प साफ है कि मां सीवन को उसका मूल स्वरूप लौटाना है। नदी संरक्षण के इस अभियान में कई लोगों ने अपने मदद के हाथ आगे बढ़ाए। इनमें कपिल जगवानी, संजय जोशी, सुनील राय, महेंद्र सिंह मेवाड़ा, विकास महाजन और सुनील भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा। वहीं सीवन पुत्र के रूप में मिसाल बन रहे मुकेश राय का जज्बा देखने को मिला। वे सुबह से शाम तक लगातार नदी संरक्षण के कार्य में जुटे रहे। इस दौरान प्रकाश यादव, वैभव राठौर, वीरेंद्र सिंह बिसोरिया, प्रदीप चावड़ा, अशोक नामदेव, सुरेश भगत, देवेंद्र राय,श्याम विश्वकर्मा,भूपेंद्र केवट और अमित केवट ने भी श्रमदान कर अभियान को गति दी। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए टीम ने 'जलकुंभी मुक्त जीवन' का संकल्प लिया है। इसी संकल्प के तहत स्वच्छता अभियान और जलकुंभी निकालो अभियान निरंतर जारी है। साथ ही नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर पूजा सामग्री पात्र भी रखवाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु पूजन सामग्री नदी में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित पात्रों में डालें। सीवन पुत्र टीम का यह अभियान पिछले 11 महीनों से लगातार जारी है और आगे भी इसी तरह चलता रहेगा।

सीहोर से शुरू हुई यह पहल अब नदी संरक्षण के क्षेत्र में देशभर के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। हाथी घाट की चमकती तस्वीर एक बार फिर यह संदेश दे रही है कि यदि संकल्प मजबूत हो और कुछ करने का जज्बा हो, तो सामूहिक प्रयासों से प्रकृति की तस्वीर बदली जा सकती है। मां सीवन को स्वच्छ और निर्मल बनाने की यह मुहिम केवल एक टीम का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का संकल्प है।

बाड़े में निकले रेट स्नेक का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम बैरागढ़ खुमान में किसान के बाड़े में रेट स्नेक दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सांप को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची और सावधानीपूर्वक सांप का रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ दिया। यह रेट स्नेक कृषक अर्जुन मीणा के बाड़े में दिखाई दिया था। वन विभाग के मुताबिक, रेट स्नेक गैर-विषैला होता है। यह मुख्य रूप से चूहों, छिपकलियों, मेंढकों और दूसरे छोटे जीवों का शिकार करता है। खेतों और अनाज भंडारण वाले स्थानों पर चूहों की संख्या नियंत्रित करने में इसकी अहम भूमिका होती है। इसी वजह से इसे किसानों का प्राकृतिक मित्र भी कहा जाता है। रेट स्नेक अपनी तेज गति और फुर्ती के लिए जाना जाता है। इसके शरीर का रंग भूरा, जैतूनी या काला हो सकता है। यह लंबाई में काफी बड़ा हो सकता है, जिसके कारण लोग इसे देखकर घबरा जाते हैं। हालांकि, इसका बड़ा आकार और तेज गति इसे जहरीला नहीं बनाती। खतरा महसूस होने पर यह आमतौर पर भागकर बचने की कोशिश करता है, लेकिन घिरने या पकड़े जाने पर अपना बचाव कर सकता है। वन विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सांप दिखाई देने पर उसे मारने या खुद पकड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए। ऐसे में वन विभाग या प्रशिक्षित स्नेक रेस्क्यू टीम को सूचना देनी चाहिए। सांपों की सुरक्षा के साथ अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है।

खबर संक्षेप

भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



सीहोर। भारत स्काउट गाइड के पद पर पाँच बार के मुरैना सांसद एवं प्रथम महापौर अशोक अर्गल को निर्वाचित किए जाने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। राज्य मुख्यालय श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित स्वागत समारोह में भारत स्काउट गाइड जिला संघ सीहोर के सहायक जिला कमिश्नर आर.के. बांगरे, समाजसेवी नरेन्द्र खंगराले, भोपाल राज्य मुख्यालय से श्रीमती उषा यादव एस.ओ.सी. गाइड, गजराज सिहं राज्य मुख्यालय अनुभूति सिंह एस. टी. सी. गाईड, बी एक चौरे एस. टी. सी स्काउट, रमेश बारिया स्काउटर, अंकुर बसेल, सुदेश जाटव व कई समाजसेवी उपस्थित थे । इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त अशोक अर्गल ने कहा कि मानव जीवन में समाजसेवा से बढक़र कोई धर्म नहीं है। अतः सभी लोगों का किसी न किसी रूप में स्काउट गाइड के कार्यों से जुडऩा चाहिये। अंत में उन्होंने सबके प्रति आभार व्यक्त किया है।

मल्टीटास्क वर्कर्स के घर नहीं जले दीवली के दीये

बीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए, मानदेय नहीं मिलने से नाराज

वर्करों का कहना है कि 3-4 महीने में से एक का भुगतान करती है। उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर के सिविल अस्पताल में कार्यरत मल्टीटास्क वर्कर्स के लिए दीवाली का पर्व फीका रहा। दरअसल इसका कारण संबंधित कंपनी द्वारा उन्हें निर्धारित समय पर मानदेय का भुगतान नहीं किया जाना है। इस कारण इतना ही नहीं उक्त वर्करों का कहना है कि कंपनी 3-4 महीने में महज एक महीने का ही भुगतान करती है। ऐसे में उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार से सभी 19 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे पहले मंगलवार को उनके द्वारा बीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा था , जिसमें मानदेय भुगतान में अनियमितताओं का जिक्र करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की बात कही थी। नगर के सिविल अस्पताल में 19 मल्टीटास्क वर्कर्स है । बताया जा रहा है कि इन्हें पिछले तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे चलते यह गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। वर्करों के हड़ताल पर होने से अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा गई है। स्थिति यह है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को वर्करों ने विकास खंड चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें कहा कि उन्हें मल्टीटास्क वर्कर एजेंसी सेट मैप के माध्यम से रखा गया है। लेकिन जब से कंपनी को हमरा कॉन्ट्रैक्ट मिला है तभी से मानदेय निर्धारित समय पर नहीं मिल रहा है। हालात यह है कि कंपनी द्वारा अक्सर 3-4 महीने में महज एक महीने के मानदेय का ही भुगतान किया जाता है। कंपनी 1-2 महीने का मानदेय रोक लेती है। दीवाली के त्योहार पर भी मानदेय का भुगतान नहीं किया गया जबकि हमारी मांग पर अधिकारियों ने 5 नवंबर तक अनिवार्य रूप से मानदेय देने का आश्वासन दिया था, लेकिन भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। समय पर मानदेय नहीं मिलने से जहां दीपावली का पर्व नहीं मना पाएं वहीं प्रत्येक माह मानदेय रोकने के आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। समस्या का निराकरण नहीं होने तक कर्मचारियों ने हड़ताल की बात कही है।

वर्करों को बीएमओ ने थमाया नोटिस

मानदेय की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे वर्करों को प्रखंड चिकित्सा अधिकारी ने नोटिस जारी किए हैं। जिसमें उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आप लोग बिना अनुमति के हड़ताल कर रहे हैं जोकि अवैध है। आपके हड़ताल पर होने से अस्पताल की व्यवस्थाएं भंग हो रही है। ऐसे में काम नहीं तो वेतन नहीं के सिद्धांत के तहत हड़ताल के दिनों का वेतन काटा जाएगा। साथ ही आपको एजेंसी को आपके खिलाफ उचित कार्रवाई करने हेतु लिखा जाएगा। इस चेतावनी के बावजूद कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं।

कांग्रेस ने फूंका रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला

सांसद के बयान पर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

रीवा के भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को गंजेड़ी और नशेड़ी कहकर संबोधित किए जाने के विरोध में गुरुवार को बुधनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। किसान कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के समक्ष मुख्य मार्ग पर एकत्रित होकर सांसद के कथित बयान के प्रति नाराजगी जताई और पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया प्रदर्शनकारियों का कहना था कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्यान्न उत्पादन की रीढ़ हैं ऐसे में किसानों के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है कांग्रेस नेताओं ने सांसद के बयान की आलोचना करते हुए किसानों के सम्मान का मुद्दा उठाया।

विरोध प्रदर्शन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, तारिक पटेल,छगन लाल दुबे,मंजीत सिंह राजपूत, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, नगर अध्यक्ष कपिल मल्होत्रा,युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, प्रमोद चौहान,इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल,रिंकू दुबे,भूपेंद्र निमोदा, पुरुषोत्तम मीणा, ओपी मालवीय, राजकुमार ठाकरे, सीताराम दायमा, बृजलाल बानिया, अशोक दायमा, बलवीर चौहान, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग विहिप-बजरंग दल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ रहे रेत के डंपरों और अन्य भारी वाहनों से मवेशियों की सुरक्षा को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गति से चलने वाले वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं और गोवंश की सुरक्षा को लेकर अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में रेत के डंपर दिन और रात तेज रफ्तार से निकल रहे हैं। इसके कारण सड़क पर विचरण करने वाले या बैठने वाले गोवंश वाहनों की चपेट में आ रहे हैं। रात के समय ग्रामीण क्षेत्रों में डंपरों की गति अधिक होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। हाल ही में ग्राम बड़नगर में तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से पांच गोवंश की मौत हो गई थी, जबकि एक गोवंश घायल हुआ था। इस घटना का उल्लेख करते हुए संगठन ने प्रशासन से मांग की कि तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाया जाए और दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। साथ ही हाईवे निर्माण एजेंसी को निर्देशित कर आवश्यक चेतावनी संकेतक और गति सीमा के बोर्ड लगवाए जाएं, ताकि वाहन चालक सावधानी से वाहन चलाएं। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि निर्माणाधीन और निर्मित सड़क पर पानी का छिड़काव कराया जाए। विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में भी इस तरह की दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए प्रशासन इस मामले में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करे, जिससे गोवंश के साथ राहगीरों और छोटे वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

नहर में पानी देने के लिए रखी तीन जल मोटर चोरी, किसान ने थाने पहुंचकर दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



क्षेत्र में किसानों के खेतों से कृषि उपकरण और खेती में उपयोग होने वाली सामग्री चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पहले खेतों में लगे सोलर पैनल और अन्य उपकरणों की चोरी के मामले सामने आए थे। अब चोरों ने नहर से खेतों में पानी पहुंचाने के लिए उपयोग की जाने वाली जल मोटरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला भैरुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजला का है, जहां एक किसान की तीन जल मोटर और करीब 40 फीट केबल चोरी हो गई। घटना के बाद किसान ने थाना भैरुंदा पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपा है और चोरी की घटना की जांच कर आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है।ग्राम बिजला निवासी किसान नरेंद्र कुमार प्रजापति ने अपने आवेदन में बताया कि वह खेत में सिंचाई के लिए नहर से पानी ले रहे थे। इसके लिए उन्होंने नहर में अलग-अलग क्षमता की तीन जल मोटर लगा रखी थीं। किसान के अनुसार 11 नवंबर की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने नहर में रखी तीनों मोटर चोरी कर लीं। चोर मोटरों के साथ करीब 40 फीट केबल भी अपने साथ ले गए। चोरी गई मोटरों में एक टैक्समो कंपनी की 7.50 हॉर्स पावर की मोटर और दो 5-5 हॉर्स पावर की मोटर शामिल हैं। किसान ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे जब खेत पर पानी देने वाला व्यक्ति पहुंचा तो नहर में लगी तीनों मोटर गायब मिलीं। आसपास तलाश करने के बाद भी मोटरों का कोई पता नहीं चला। इसके बाद किसान को चोरी होने की जानकारी मिली और उसने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी।किसान के लिए खेती में सिंचाई के साधन जुटाना पहले ही खर्चीला काम है। ऐसे में एक साथ तीन जल मोटरों की चोरी होने से उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों का कहना है कि खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए उपकरण खुले स्थानों पर रहते हैं, जिससे चोरी की आशंका बनी रहती है। रात के समय खेतों और नहरों के आसपास निगरानी नहीं होने का फायदा चोर उठा रहे हैं। क्षेत्र में पहले भी कृषि उपकरणों की चोरी की घटनाएं सामने आने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान नरेंद्र कुमार प्रजापति ने थाना प्रभारी से मांग की है कि चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच की जाए और जल्द से जल्द चोरी गई मोटरों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खेतों में रखे कृषि उपकरण सुरक्षित रह सकें।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू बोले, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उद्योग, श्रम, नगरीय निकाय, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा युवाओं एवं अन्य पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजें तथा बैंकों से समन्वय कर स्वीकृत ऋण का वितरण भी शीघ्र सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि केवल प्रकरण तैयार करने तक सीमित न रहें, बल्कि हितग्राहियों को वास्तव में ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करें। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना सहित विभाग की विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संबल योजना श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल और संकट के समय राहत प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इसलिए इसके अंतर्गत प्राप्त प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखे जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण करें, ताकि पात्र श्रमिक परिवारों को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। संबंधित अधिकारी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने पात्र हितग्राहियों के आवेदन एवं प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय अधिकारी सक्रियता से कार्य करें।

सीएमओ को लगाई फटकार

नगरीय निकायों की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं होने पर फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के निर्माण एवं अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराएं। पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निकायवार प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश भी दिए।

जुआ खेलते हुए 7 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने 18,900 रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बुदनी पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। थाना बुदनी में पदस्थ पुलिस स्टाफ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तालपुरा में कुछ व्यक्ति रुपये-पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं।सूचना पर थाना बुदनी पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों से नाम-पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम आदर्श सलामे, उम्र 26 वर्ष, प्रभात सिंह राजपूत, उम्र 35 वर्ष, रामराज कुशवाह, उम्र 28 वर्ष, सोहिल कुरैशी, उम्र 31 वर्ष, मोनू पवार, उम्र 31 वर्ष, कमल सिंह मीना, उम्र 55 वर्ष, लालाराम अहिरवार, उम्र 32 वर्ष बताया। आरोपियों के कब्जे और जुए के फड़ से कुल 18,900 रुपये नगद, पांच मोबाइल फोन, जब्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यउक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बुदनी सुनील ठाकुर के नेतृत्व में उनि राजेश मालवीय, प्र.आर. नरेंद्र चौरे, दीपक चौहान, आर.सोनू चौहान, सौरभ ठाकुर, अनुज यादव, संतोष, गोविंद, दीपक सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

किसानों ने खेतों में जलाए न्याय के दीप, बैनरनुमा पुतले लगाकर विद्युत मंडल के खिलाफ जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेतों में झूलते 11 केवी और एलटी बिजली तार तथा जर्जर खंभे किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते महोड़िया की सुगनबाई मेवाड़ा और छापरी कला के निखिल मेवाड़ा की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि बरबेली के किसान सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल होकर अपना एक हाथ गंवा चुके हैं।इन घटनाओं से आक्रोशित सीहोर जिले के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दीपावली से देवउठनी ग्यारस तक अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। डाबला माता, चंदेरी, बरबेली, रामखेड़ी, महोड़िया और छापरी कला सहित कई गांवों के किसानों ने अपने खेतों में विद्युत मंडल के विरोध में बैनरनुमा पुतले लगाए और दीप जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए न्याय की आवाज बुलंद की।इस संबंध में मानव अधिकार आयोग द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के महाप्रबंधक एचडी भोपाल से से जवाब तलब कर सीहोर विद्युत मंडल के अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर के जवाब मांगा गया है एवं मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग द्वारा सीहोर पुलिस अधीक्षक से भी विद्युत मंडल के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करके प्रतिवेदन मांगा गयाकिसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, घायल किसान सतीश मेवाड़ा को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी तथा विद्युत मंडल सीहोर के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री श्यामपुर सहित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करना शामिल है।किसानों का कहना है कि वे पिछले चार माह से लगातार आंदोलन, धरना और विभिन्न तरीकों से विरोध कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक जिम्मेदार अधिकार विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्री श्यामपुर पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती एवं पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता तब तक किसानों का संघर्ष जारी रहेगा।

भांजी के आरोपों से परेशान दोनों मामा पहुंचे डीएम एसपी ऑफिस

लापता बहन, जीजा भांजे को सकुशल तलाश ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भांजी किरण दांगी के आरोपो से हैरान परेशान मामा डालचंद और चंदन दांगी ने कलेक्टर कार्यालय और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को प्रार्थना पत्र दिया। अपनी लापता बहन ओमवती, जीजा सुरेश और भांजे राजेश दांगी को तलाशने मैं स्वयं भी जुटे खाईखेड़ा के डालचंद और चंदन दांगी ने पुलिस प्रशासन से उन्हें शीघ्र तलाशने की गुहार लगाई। भांजी किरण के आरोपी को लेकर कहा कि यह सच है कि जमीनी विवाद चल रहा है मामला कोर्ट में लंबित है कोर्ट से नोटिस में जारी हो चुके हैं हमें केवल बदनाम करने और झूठे अपहरण के केस में फसाने की साजिश रची जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देश पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी प्रेम नारायण गोयल अहमदपुर थाना प्रभारी बल त्यागी और पुलिस बल साइबर सेल भी लापता बहन जीजा और भांजे की तलाश में जुटी हुई है।कार्रवाई में हम भी पूरा सहयोग कर रहे हैं। पुलिस के द्वारा गुरुवार शाम खेत पर पहुंच कर भी जांच पड़ताल की गई है। मामा डालचंद और चंदन दांगी ने बताया कि हमारी माता और भांजी को हमारे खिलाफ कोई भड़का रहा है जबकि भांजी को हमने बचपन से पाला है और मां को भी अपने पास ही रखा है हमारे एक भाई की मृत्यु संदिग्ध अवस्था में हो चुकी है। उनके क्रिया कर्म और रसोई में भी यह लोग शामिल नहीं हुए थे। जीजा सुरेश दांगी आश्रमों और धार्मिक स्थल पर पहले भी जाते रहे हैं और वहां घूमने फिरने के भी शौकीन है। भांजी के आरोप है कि दीवार पर खून के दाग हैं तो दीवार को खुदवाकर देख लीजिए। हम मांग करते हैं कि क्षेत्र के सभी सीसीटीवी कैमरे फुटेज देखे जाएं और मोबाइल की लोकेशन भी ट्रस्ट की जाए सभी जरूरी जगह पर तलाशी की जाए और हमारे जीजा बहन और भांजे को सकुशल तलाशा जाए। डालचंद और चंदन ने कलेक्टर कार्यालय और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम खांईखेड़ा तहसील दोराहा जिला सीहोर में हमारे पैतृक भूमि स्थित है पिता के द्वारा तीनों पुत्रों को बराबर भूमि बांट दी थी। पिता के द्वारा किए गए भूमि बंटवारे के विरूद्ध हमारी माता कृष्णा बाई, बहन ओमवती बाई, कमला बाई सीमा बाई ने जीजा सुरेश कुमार के बहकावे में आकर भूमि को जबरन नाम कराकर बंटवारा करा लिया। डालचंद ने बताया कि पिछले एक वर्ष से न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही अपनी लड़ाई लड़ रहे है। हम पर दबाव बनाने के उद्देश्य से सुरेश कुमार पंड्यंत्र रचकर गायब हो गया है। वह हमारे मकान व जमीन हथियाना चाहते है जिसमें वह पिछले एक वर्ष से सफल नहीं हुये तो उनके द्वारा इस प्रकार का षड्यंत्र रचा गया है पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किए जाए जिससे कि पूरे षडयंत्र की असलियत सामने आ जाए।

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने जिला चिकित्सालय व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

टेटवाल ने वार्डों में मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य का हाल जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने बुधवार को जिला चिकित्सालय राजगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के शिशु वार्ड, सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री श्री टेटवाल ने वार्डों में उपचाररत मरीजों से सीधे संवाद किया तथा उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने मरीजों से चिकित्सालय में मिल रही उपचार सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने एवं मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।





जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के पश्चात राज्य मंत्री टेटवाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज जिले के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अधोसंरचना है। इसके पूर्ण होने से जिले के नागरिकों को बेहतर एवं उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खान तथा सिविल सर्जन रजनीश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़कों पर आवारा गोवंश की मौजूदगी वाहन चालकों के लिए खतरा बनी

भाई दूज मनाने जा रहे दो युवकों की बाइक गाय से टकराई, गंभीर घायल, एक शाजापुर रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भाई दूज के पर्व पर बहनों के घर खुशियां बांटने जा रहे दो युवकों का सफर सड़क हादसे के कारण परेशानी में बदल गया। नेशनल हाईवे पर अचानक बाइक के सामने गोवंश आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक और उसके साथ मौजूद 14 वर्षीय नाबालिग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, रोहित पिता मुकाम सिंह विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी शुजालपुर अपने साथ 14 वर्षीय नाबालिग को लेकर भाई दूज का पर्व मनाने के लिए शुजालपुर से सारंगपुर आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर अचानक बाइक के सामने गाय आ गई। सामने गोवंश आने से बाइक सवार संतुलन नहीं संभाल पाए और उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां डॉ. गार्गी मालवीय ने उनका प्राथमिक उपचार किया। रोहित विश्वकर्मा को अधिक चोटें आने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। वहीं नाबालिग का भी उपचार किया गया।

सड़कों पर गोवंश बन रहे हादसों की वजह

नेशनल हाईवे और शहर के आसपास की सड़कों पर आवारा गोवंश की मौजूदगी वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



खेत पर पानी देने गए वृद्ध की कुएं में डूबने से मौत, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

सारंगपुर। लीमाचौहान थाना क्षेत्र के ग्राम मैंसवा माता में खेत पर फसल में पानी देने गए 55 वर्षीय वृद्ध की कुएं में डूबने से मौत हो गई। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में खेत पर पहुंचे, जहां स्वयं के कुएं में उनका शव तैरता हुआ मिला। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। लिमचौहान थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी ने बताया कि हिम्मत पटेल पिता उमराव सिंह नागर निवासी मैंसवा माता बुधवार सुबह अपने खेत पर फसल में पानी देने गए थे। रोजाना की तरह उनके घर लौटने का इंतजार किया जा रहा था, लेकिन शाम होने के बाद भी वे घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजनों को चिंता हुई और वे उन्हें तलाशने के लिए खेत पर पहुंचे। खेत पर पहुंचकर परिजनों ने आसपास तलाश की। इसी दौरान उनकी नजर खेत स्थित स्वयं के कुएं पर पड़ी, जहां हिम्मत पटेल का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी नरेंद्र बेलवंशी के अनुसार पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वृद्ध की कुएं में डूबने से किन परिस्थितियों में मौत हुई, इसकी जांच की जा रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी का स्वागत किया

भाजपा पर साधा निशाना, सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

उदनखेड़ी में बुधवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कांग्रेस नेता रोशन खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। स्वागत के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के किसानों को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान और उनके अधिकार सर्वोपरि हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी और उनके हितों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेता एक ओर किसानों के हितों की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके जनप्रतिनिधियों के बयान किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही उपज का उचित मूल्य, पर्याप्त बिजली और खेती से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को किसानों का मनोबल बढ़ाना चाहिए।



सांसद का पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित किसान विरोधी बयान से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उदनखेड़ी में सांसद का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा और सांसद के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर रोशन खत्री, जनपद सदस्य शांतिलाल नागर, किसान नेता प्रेमसिंह राजपूत, मानसिंह गौतम, अशोक खत्री, हरिश्चंद्र शर्मा, जगदीश नागर, प्रमोद मालवीय, भारत जाटव, अंकित जैन, गुफरान मंसूरी, बिट्टू खत्री, संजय राठौर, दशरथ खत्री, कुलदीप नागर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता मौजूद रहे।

236 से 250 रुपए तक मांगे जाने का आरोप

गैस डायरी संशोधन के नाम पर वसूली की शिकायत पर खाद्य विभाग ने की जांच

⏭ शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर एजेंसी के बिल-वाउचर और सिलेंडर स्टॉक की जांच की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भारत गैस की योगिता गैस एजेंसी सारंगपुर में गैस डायरी संशोधन और उसे दोबारा चालू करने के नाम पर उपभोक्ताओं से 236 से 250 रुपए तक मांगे जाने की शिकायत पर खाद्य विभाग ने जांच की। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ के निर्देश पर जिला सहायक आपूर्ति अधिकारी हुमा हुजुर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता अकोदिया रोड स्थित एजेंसी कार्यालय और गैस गोदाम पहुंचीं। यहां अधिकारियों ने भरे और खाली सिलेंडरों के स्टॉक के साथ वितरण रिकॉर्ड, बिल-वाउचर और अन्य दस्तावेजों की जांच की। दरअसल, नगर पड़ाना निवासी मुकेश जलोदिया और प्रद्युम्न परमार ने शिकायत की थी कि गैस डायरी संशोधन एवं उसे दोबारा चालू करने के नाम पर उनसे 236 से 250 रुपए तक मांगे गए। शिकायत के अनुसार, प्रद्युम्न परमार से डायरी चालू करने के नाम पर 250 रुपए वसूले गए। उपभोक्ताओं ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के साथ ही खाद्य विभाग को लिखित आवेदन भी दिया था। जांच के दौरान अधिकारियों ने दोनों शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि डायरी संशोधन अथवा उसे चालू करने के नाम पर इस प्रकार की राशि वसूलने का कोई प्रावधान नहीं है।

होम डिलीवरी व्यवस्था पर भी उठे सवाल

उपभोक्ताओं ने पड़ाना में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि एजेंसी तीन दिन में घर पहुंच सिलेंडर देने की बात कहती है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी भान सिंह राय ने बताया कि शिकायत पर जांच कराई गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया



नलखेड़ा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत गुरुवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अशोक प्रजापत, अंकुश भटनागर तथा इलेक्शन सुपरवाइजर राजेंद्र पांडेय उपस्थित थे।

प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन अवसर पर कलेक्टर रहे मौजूद

शिवाजी बंबोरिया राजेश निंबोदिया सचिव, विकास पहाड़िया कोषाध्यक्ष बने

सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के पुनःअध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा

नगर भानपुरा के सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज की वार्षिक बैठक छोटे महादेव मार्ग स्थित मां नाना देवी तीर्थ स्थल मंदिर परिसर में बुधवार देर शाम तक आयोजित की गई। समाज के विद्वान पंडित डॉ प्रदुमन भट्ट ने आने वाले वर्ष एवं समस्त राशियों का भविष्यफल सुनाया,एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित समाज के वरिष्ठ समाज सेवियों, पदाधिकारियों तथा युवा कार्यकारिणी की उपस्थिति में शिवाजी बंबोरिया को सर्व सहमति से आगामी 3 वर्षों तक के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही सचिव के रूप में राजेश निंबोदिया एवं कोषाध्यक्ष के रूप में विकास पहाड़िया को भी फिर से निर्वाचित किए घोषित किया गया। विगत 4 वर्षों से भी शिवाजी बंबोरिया अध्यक्ष पद पर आसीन थे एवं इसके पूर्व 7 वर्षों से समाज के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सर्वसहमति से नियुक्त किए गए शिवाजी बंबोरिया ने उन्हें फिर से समाज अध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से चुने जाने पर सभी का आभार व्यक्त किया एवं





भरोसा दिलाया कि समाज की खुशहाली तरक्की एवं समाज के सम्मान को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय की शिवाजी बंबोरिया ने उच्च शिक्षा के रूप में डबल एम ए नेशनल कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में एवं योग के राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में दायित्व निभाते हुए 25 वर्षों तक सरस्वती विद्यालय एवं भानपुरा पब्लिक स्कूल में विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भानपुरा तहसील कार्यवाह के रूप में रहते हुए वर्तमान में जन अभियान परिषद में परामर्श दाता की भूमिका निभा रहें है, वहीं 50 वर्षीय बंबोरिया ने बैचलर ऑफ फिजिकल डिप्लोमा भी कर रखा है। मां नाना देवी मंदिर तीर्थ स्थल में आयोजित बैठक में युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में फिर से अंशुल कलावड़िया एवं उनकी युवा टीम को सेवाएं देने के लिए भी सर्वसहमति से चुना गया । दोनों ही अध्यक्षों को अपनी - अपनी शैष कार्यकारिणी चुनने का स्वतंत्र अधिकार दिया गया । श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज के सामाजिक चुनाव के बाद मां नाना देवी पूजन व कर आरती की गई एवं अन्नकूट पर्व मनाते हुए अन्नकूट का का वितरण किया गया।शिवाजी बंबोरिया एवं समाज सचिव राजेश निंबोदिया कोषाध्यक्ष विकास पहाड़िया को बधाई देने वालों में समाज के वरिष्ठ मोहनलाल मरमट पन्नालाल भाना,नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, सत्यनारायण मरमट, रघुनंदन बंबोरिया, रमेश चंद रुद्रवाल,संजय भाना , हरिकृष्ण मरमट, लालचंद रुद्रवाल, दिनेश पहाड़िया, अनिल बंबोरिया, विजय बंबोरिया, हरिश मरमट, आशिष कलवाड़िया, नितिन मंडकरिया, भागचंद भाना, भूपेंद्र बेरा, घनश्याम बंबोरिया, रूपेश भानपिया, शुभम बंबोरिया, जितेंद्र भाना, भरत भाना सहित अनेक पदाधिकारी व समाज सदस्य शामिल है। समाजसेवी एवं सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल मरमट व पन्नालाल भाना ने बताया कि शिवाजी बंबोरिया के कार्यकाल में समाज निरंतर उन्नति के पथ पर अगृणी है एवं अनेक विकास कार्य होने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

संतों पर टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

अभिव्यक्ति के नाम पर भावनाएं आहत करना गलत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन धर्म एवं साधु-संतों के सम्मान की रक्षा की मांग को लेकर सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित था। इसमें बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सहित अन्य साधु-संतों के विरुद्ध की जा रही कथित अनर्गल और आपत्तिजनक टिप्पणियों पर विरोध जताया गया।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि संतों और धार्मिक विभूतियों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएं।



विदिशा। सिद्ध श्री सियाराम सेवा समिति के तत्वावधान में सौंपा गया ज्ञापन।

समिति के सदस्यों का कहना था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने और कानून का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस दौरान पुजारी महासभा, बागेश्वर शिष्य मंडल, युवा ब्राह्मण विकास परिषद, पुजारी मठ मंदिर परिषद, सनातन धर्म रक्षा परिषद और करणी सेना के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान संजय पुरोहित, संजय शास्त्री, नारायण प्रसाद शास्त्री, उपेंद्र महाराज, हेमंत पंडित, रामलखन शास्त्री, सौरभ सिंह राजपूत, डोकरे जी शास्त्री, रमेश चौबे, दीपक लखेरा, बागेश मिश्रा, अभिषेक आचार्य, जतिन महाराज, अजय महाराज, जितेंद्र शास्त्री और दातार सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

गायों की सार में छिपा रखा था 52 लाख का गांजा, 104 किलो के साथ युवक धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ब्योंची गांव में पुलिस ने 52 लाख रुपए का 104 किलो गांजा जब्त किया है। मौके से 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

करारिया चौराह थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्योंची गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर के सामने बनी सार में गांजा छिपाकर रखा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दी। सार से 104.14 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान ब्योंची गांव निवासी जितेंद्र पुत्र हल्के उर्फ भारत सिंह मीणा (26) के रूप में की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क की जांच

पुलिस अब पता लगा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। आरोपी से पूछताछ कर गांजे के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर की गई। एएसपी अधीक्षक मोनिका तिवारी और सीएसपी सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीमा राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

खबर संक्षेप

विधायक ने भोपाल पहुंच कर दी श्रद्धांजलि



आष्टा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान पूज्य माताजी स्वर्गीय काशीबाई की तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुच कर पूज्य माताजी काशीबाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल चौहान परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं एवं ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

15 को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

सीहोर। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जिले में जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक रैली आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में स्थानीय जनजातीय समुदाय, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में जनजातीय समाज की लोककला, परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाए। सांस्कृतिक रैली में जनजातीय पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्रों एवं लोक परंपराओं की झलक दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भगवान बिरसा मुंडा, प्रदेश के जनजातीय नायकों एवं उनकी गौरवशाली परंपराओं को प्रमुखता से शामिल किया जाए। साथ ही शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार, जनजातीय समाज की सफलता की कहानियां और नवाचारों की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जाए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, गैर सरकारी संगठनों, एनएसएस, एनसीसी तथा कर्मयोगी अभियान के मास्टर ट्रेनर्स की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाये।

युवतियों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण, 20 तक करें आवेदन

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहिनी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत युवतियों एवं बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर पुलिस भर्ती में चयन की तैयारी के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से 20 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कक्ष क्रमांक 147, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला सीहोर में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन करने वाली युवतियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना तथा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन कर सकती हैं।

दीपावली के बाद भी गर्मी का असर बरकरार, गुलाबी ठंड का इंतजार बढ़ा

दिन में तेज धूप, रात में गर्मी से नहीं राहत नवंबर माह में भी मौसम का मिजाज गर्म

ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मौसम का यही हाल बना हुआ है। सुबह के समय वातावरण में हल्की ठंडक जरूर महसूस होती है, लेकिन सूरज निकलने के साथ ही धूप तेज होने लगती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



दीपावली का त्योहार बीत चुका है और नवंबर का दूसरा सप्ताह भी चल रहा है, लेकिन क्षेत्र में अभी तक गुलाबी ठंड ने दस्तक नहीं दी है। आमतौर पर दीपावली के आसपास मौसम में ठंडक बढ़ने लगती है और सुबह-शाम हल्की सर्दी का एहसास होने लगता है। इस बार इसके उलट मौसम का मिजाज गर्म बना हुआ है। दिन में तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास करा रही है, वहीं रात के समय भी तापमान में इतनी गिरावट नहीं हो रही है कि लोगों को ठंड महसूस हो। ऐसे में नवंबर माह में भी क्षेत्रवासियों को गर्मी से राहत मिलने का इंतजार है। तहसील भैरुंदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से मौसम का यही हाल बना हुआ है। सुबह के समय वातावरण में हल्की ठंडक जरूर महसूस होती है, लेकिन सूरज निकलने के साथ ही धूप तेज होने लगती है। दोपहर तक धूप की तपिश बढ़ जाती है और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को भी सुबह के समय हल्की ठंडक के बाद दिनभर तेज धूप का असर बना रहा। रात के समय भी मौसम में खास ठंडक नहीं होने से लोगों को पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम के इस बदले मिजाज के कारण लोग हैरान हैं, क्योंकि आमतौर पर इस समय तक सर्दी का असर बढ़ने लगता है।

खेती-किसानी पर भी असर

बदलते मौसम का असर खेती-किसानी पर भी पड़ रहा है। क्षेत्र में किसान रबी सीजन की तैयारियों में जुटने लगे हैं। गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की बुवाई का समय नजदीक आने के साथ ही किसानों की नजर मौसम के तापमान पर टिकी हुई है। किसानों का मानना है कि मौसम में ठंडक बढ़ने से रबी फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी। खासकर गेहूं की फसल के लिए तापमान का अनुकूल रहना जरूरी माना जाता है। ऐसे में नवंबर माह में भी गर्मी बने रहने से किसान मौसम में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि खेतों की तैयारी का काम जारी है, लेकिन ठंडक बढ़ने के बाद खेती के काम में और तेजी आने की उम्मीद है।

सुबह-शाम भी नहीं बढ़ रही ठंडक, तापमान में गिरावट का इंतजार

क्षेत्र में मौसम का मिजाज सामान्य दिनों से अलग दिखाई दे रहा है। अक्टूबर माह में जहां आमतौर पर गुलाबी ठंड का एहसास होने लगता था, वहीं इस बार नवंबर के दूसरे सप्ताह तक भी सर्दी का प्रभाव सीमित नजर आ रहा है। बुजुर्गों और ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्षों में इस समय तक सुबह और शाम अच्छी ठंडक महसूस होने लगती थी। इस बार दिन के साथ रात का मौसम भी गर्म बना हुआ है। मौसम में ठंडक नहीं बढ़ने के कारण लोगों को गर्म कपड़े निकालने की जरूरत भी महसूस नहीं हो रही है। फिलहाल सभी को उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चलने और तापमान में गिरावट आने का इंतजार है।

बदलते मौसम के कारण दिन का तापमान 30 और रात का 15 डिग्री के आसपास

तापमान की बात करें तो बुधवार को क्षेत्र में दिन का अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कई दिनों से तापमान इसी के आसपास बना हुआ है। दिन का पारा 28 से 30 डिग्री के बीच रहने से दोपहर में गर्मी का असर महसूस हो रहा है। वहीं रात के तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं होने से ठंड का प्रभाव बढ़ नहीं पा रहा है। मौसम में बदलाव और ठंडी हवाओं का असर बढ़ने के बाद ही गुलाबी ठंड की शुरुआत होने की उम्मीद है। फिलहाल दीपावली के बाद भी गर्मी का दौर जारी रहने से क्षेत्रवासियों को सर्दी की दस्तक का इंतजार है।

31 किलो 450 ग्राम डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

आष्टा पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आष्टा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से डोडाचूरा विक्रय करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 31 किलो 450 ग्राम डोडाचूरा जब्त कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में

टीम ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी रमन ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई के दौरान 11 नवंबर को थाना आष्टा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना आष्टा क्षेत्र के नए बायपास पर एक व्यक्ति अवैध रूप से डोडाचूरा विक्रय करने के लिए बैठा हुआ है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए गठित पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इमरान खान पिता आलम खान उम्र 37 साल निवासी किला आष्टा को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध धारा अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी आष्टा रमन ठाकुर, उनि अनिल डोडियार आरक्षक संजय शर्मा, महेंद्र, हरिओम की सराहनीय भूमिका रही।

देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सीहोर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष के आह्वान पर अलीपुर चौराहे पर कांग्रेसजन एकत्रित हुए और मौलाना आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान वक्ताओं ने मौलाना आजाद के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि मौलाना आजाद ने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आजादी के बाद शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, विश्वविद्यालयों, आईआईटी और यूजीसी जैसी संस्थाओं की स्थापना में अहम भूमिका निभाई।

उनका मानना था कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज और देश का विकास संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता, सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के पक्षधर रहे। आज के समय में उनके विचार और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा और देश सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए।

कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग तोसिफ बाबा, खेल खिलाड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष फैजुद्दीन, नफीस शाह, शादाब अली, शानू, अमजद पटेल, सलमान खान, पत्रकार तौफ़ीक़ खान, जेसीबी पवन पहलवान, अरशद अंसारी, शवाज़ अली, मुस्तकीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मौलाना आजाद के बताए मार्ग पर चलने और शिक्षा, एकता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

देहली वर्ल्ड पब्लिक विद्यालय में आकार द्वारा विज्ञान और तकनीक पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देहली वर्ल्ड पब्लिक विद्यालय, आष्टा में आकार के संस्थापक, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी के पूर्व विभागीय प्रमुख एन. जे. भट्ट द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष विज्ञान एवं तकनीक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं 50 शिक्षकों ने सहभागिता की।उल्लेखनीय है कि आकार (इसरो का पंजीकृत अंतरिक्ष शिक्षक) एक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम है, जिसकी स्थापना समाज एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों तक ज्ञान और वैज्ञानिक जानकारी साझा करने के उद्देश्य से की गई है।कार्यशाला में एन. जे. भट्ट ने रोचक गतिविधियों एवं व्यावहारिक प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों से परिचित कराया तथा उन्हें वैज्ञानिक शोध के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से इसरो की उपलब्धियों, चंद्रयान, मंगलयान एवं भविष्य की अंतरिक्ष योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का एक महत्वपूर्ण पहलू शिक्षा के क्षेत्र में इसरो की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को समझाना रहा। श्री भट्ट ने उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से बताया कि इसरो में अपनाए जाने वाले गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता के मानकों को शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षण पद्धति एवं सीखने की प्रक्रिया में किस प्रकार अपनाया जा सकता है। इससे शिक्षकों को भी शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के नए दृष्टिकोण प्राप्त हुए। श्री भट्ट ने इसरो में उपलब्ध अपार संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए उन्हें भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान, अनुसंधान एवं अंतरिक्ष परियोजनाओं से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके सरल, प्रभावशाली एवं गतिविधि आधारित प्रस्तुतिकरण ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया।कार्यशाला के अंतर्गत विद्यालय के निदेशक डॉ. योगेश पोपट एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एम. एन. सिंह ने भी एन. जे. भट्ट के साथ मिलकर शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की तथा उनके लिए विशेष सत्र एवं कार्यशाला का संचालन किया। इसमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों, गतिविधि आधारित शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सैयद परवेज़ अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, डॉ. योगेश पोपट, पायल अली, डॉ. संगीता सिन्हा एवं सैयद आदिल अली, संयुक्त निदेशक डॉ. एम. एन. सिंह तथा प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई, किसानों ने पपनास नदी में नर्मदा का पानी छोड़ने की मांग की



आष्टा। विधायक कार्यालय में बुधवार को हुई जनसुनवाई में ग्राम आनंदीपुरा, दारापुर, नवरंगपुर, धूमडाखेड़ी, दोनिया एवं जगन्नाथपुरा के किसान भाजपा नेता हरेंद्र ठाकुर, निर्मल मेवाड़ा, सोभालसिंह के नेतृत्व में पहुंचे।किसानों ने बताया कि अल्प वर्षा के कारण पपनास नदी पूरी तरह सूख चुकी है, जिससे पलेवा एवं सिंचाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने जल्द नदी में नर्मदा का जल छोड़ने की मांग का पत्र विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को सौंपा। विधायक ने जल्द पानी छुड़वाने का भरोसा दिया।जनसुनवाई में विधायक ने वन टू वन सभी की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान मूंडला मोहब्बा में डीपी रखवाने, मकान क्षति मुआवजा, भटोनी में टीन शेड, नेवज-दूधी नदी में नर्मदा जल, रास्ता खुलवाने, ग्वाला में विकास कार्य, हर घर नल-जल योजना में ग्वाला को जोड़ने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

संकल्प वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भेंट किए श्री यंत्र रामचरितमानस और गीता का भी किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कोलीपुरा स्थित श्री लक्ष्मी-नृसिंह मंदिर में दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय श्री यंत्र पूजन-अर्चन के समापन के बाद क्षेत्रवासियों को श्री यंत्र वितरण का शुभारंभ सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम से किया गया। इस अवसर पर संत माधवदास महाराज, आश्रम संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, यज्ञाचार्य कुणाल व्यास, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अन्य उपस्थितजनों ने वृद्धजनों को श्री यंत्र के साथ रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता और अन्य धार्मिक ग्रंथ भेंट किए। कार्यक्रम में संत माधवदास महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, भक्ति और मानव कल्याण का महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके प्रत्येक प्रसंग में जीवन को बेहतर बनाने और समाज को सद्मार्ग पर ले जाने की प्रेरणा मिलती है। वहीं श्रीमद्भगवद्गीता मनुष्य को सही मार्ग पर चलने, अपने कर्तव्यों का पालन करने और जीवन में श्रेष्ठ लक्ष्य प्राप्त करने की सीख देती है। धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन व्यक्ति के विचारों को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान महर्षि विश्वामित्र जयंती भी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने महर्षि विश्वामित्र के जीवन, उनकी कठोर तपस्या और भारतीय संस्कृति में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम के गुरु थे। उन्होंने श्रीराम को शास्त्र विद्या और दिव्य मंत्रों का ज्ञान प्रदान किया था। उनके जीवन से तप, साधना, ज्ञान और संकल्प की प्रेरणा मिलती है। उल्लेखनीय है कि श्री लक्ष्मी-नृसिंह मंदिर परिसर में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार दीपावली के पावन अवसर पर विप्रजनों के सानिध्य में पांच दिवसीय श्री यंत्र पूजन-अर्चन किया गया था। पांच दिनों तक विधि-विधान से पूजा और अर्चना के बाद अब श्री यंत्र का क्षेत्रवासियों को वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में संकल्प वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को श्री यंत्र और धार्मिक ग्रंथ भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

छह दिन बाद मंडी में लौटी रौनक, शुभ मुहूर्त में शुरू हुई नीलामी

सोयाबीन 7019 और गेहूं 3751 रुपए क्विंटल बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



दीपावली पर्व के चलते छह दिनों तक बंद रही कृषि उपज मंडी में गुरुवार को फिर से चहल-पहल शुरू हो गई। अवकाश समाप्त होने के बाद मंडी में मक्का, सोयाबीन और गेहूं सहित अन्य कृषि उपज की नीलामी का काम शुभ मुहूर्त में शुरू किया गया। इस मौके पर मंडी प्रशासन और व्यापारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नए सिरे से खरीदी की शुरुआत की। मंडी परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान की पूजा कर अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद मंडी में अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों का तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मंडी समिति से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 10:35 बजे शुभ मुहूर्त में पहली नीलामी कराई गई। इसमें ग्राम सोटिया के किसान मुकेश की मक्का उपज 5151 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से आरती ट्रेडर्स ने खरीदी। वहीं ग्राम महागांव के किसान अभिषेक की सोयाबीन उपज 7019 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से सालासर बालाजी ट्रेडर्स ने खरीदी। इसी तरह गेहूं की उपज 3751 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से सालासर बालाजी ट्रेडर्स द्वारा खरीदी गई। शुभ मुहूर्त में तीनों कृषि उपज की खरीदी के साथ ही मंडी में नियमित नीलामी प्रक्रिया शुरू हो गई। छह दिनों तक मंडी बंद रहने के कारण किसान अपनी उपज बेचने के लिए मंडी खुलने का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार को मंडी खुलते ही किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मक्का, सोयाबीन और गेहूं लेकर पहुंचने लगे। इससे मंडी परिसर में सुबह से ही किसानों और व्यापारियों की आवाजाही बढ़ गई। नीलामी शुरू होने से किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर मिला। मंडी में खरीदी की शुरुआत के दौरान मंडी सचिव, तुलावटी, अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। मंडी प्रशासन ने किसानों का स्वागत कर दीपावली अवकाश के बाद विधिवत रूप से नीलामी शुरू करवाई।